प्रेस विज्ञप्ति

विश्व ऊर्जा कांग्रेस 2024: विद्युत सचिव और भारतीय राजदूत ने इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया

रॉटरडैम (नीदरलैंड), 22 अप्रैल 2024

विद्युत मंत्रालय के सचिव, श्री पंकज अग्रवाल और नीदरलैंड में भारत की राजदूत, श्रीमती रीनत संधू ने आज संयुक्त रूप से 26वीं विश्व ऊर्जा कांग्रेस (डब्ल्यूईसी) 2024 में भारत पवेलियन का उद्घाटन किया। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) और विद्युत , नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, कोयला और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन अन्य सीपीएसई द्वारा भागीदारी किया गया और यह पवेलियन ऊर्जा और विद्युत के क्षेत्र में देश की तकनीकी प्रगति के लिए एक साक्ष्य के रूप में काम करता है।

इस प्रदर्शनी पवेलियन में विद्युत सचिव और नीदरलैंड में भारत के राजदूत का स्वागत करते हुए, इरेडा के सीएमडी,श्री प्रदीप कुमार दास ने भाग लेने वाले अन्य भारतीय सीपीएसई के सीएमडी के साथ, इस कार्यक्रम में भारत की उपस्थिति के महत्व को रेखांकित किया। इरेडा के स्टॉल पर विद्युत सचिव और भारतीय राजदूत की यात्रा ने ऊर्जा क्षेत्र में इरेडा की पहल और नवीकरणीय प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी क्षमता पर ध्यान केंद्रित करते हुए विचारों के महत्वपूर्ण आदान-प्रदान किए गए । इरेडा के सीएमडी ने कंपनी के हाल ही की सर्वश्रेष्ठ वित्तीय परिणामों, जारी पहलों और विस्तार योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।



डब्ल्यूईसी में भारतीय पवेलियन नवीन प्रौद्योगिकियों और बिजली उत्पादन प्रणालियों को प्रदर्शित करने के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करता है, जोकि वैश्विक मंच पर पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

अन्य सीपीएसई जैसे ओएनजीसी, एनटीपीसी, पीएफसी, आरईसी, पावर ग्रिड, एनएचपीसी और एसईसीआई ने भी इस प्रमुख कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे सामूहिक रूप से वैश्विक ऊर्जा बदलाव में भारत के नेतृत्व को मजबूत किया गया।